# PUBLIC NOTICE

Whereas the Bathinda Development Authority–cum–Competent Authority, Bathinda, Punjab, under the provisions of the Punjab Apartment and Property Regulation Act, 1995 (PAPRA), has granted License No. LDC-002/2024 dated 12.03.2024 to M/s RS Realinfra Pvt. Ltd. for the development of a Residential Plotted Colony named "Manglam Homes" over land measuring 24.54 acres, situated in the revenue estate of Village Doomwali, Tehsil Sangat, District Bathinda, Punjab.

And whereas, upon the request made by M/s RS Realinfra Pvt. Ltd. for grant of additional license and modification/revision of the layout plan, the Bathinda Development Authority–cum–Competent Authority, Bathinda has issued a Letter of Intent vide Letter No. CA/BDA/BTI/2026/62 dated 16.03.2026.

And whereas, an additional license along with a revised layout plan is proposed to be approved for an additional land area measuring 5.225 acres, which shall be in addition to the earlier licensed land measuring 24.54 acres, thereby making the total proposed project area measuring 29.765 acres.

And whereas, in compliance with the provisions of the Real Estate (Regulation and Development) Act, 2016 and the regulations framed thereunder, the promoter hereby invites objections/suggestions, if any, from the general public and the existing allottees regarding the proposed revision of the layout plan of the said Residential Plotted Colony for the total area measuring 29.765 acres.

Accordingly, through this Public Notice, objections, if any, are invited from the general public and existing allottees regarding the above-said revision of the layout plan.

Copies of:

- the earlier approved layout plan, and
- the proposed revised layout plan,

are available for inspection at the Project Site Office and company official website i.e www.rsrealinfra.com The same may also be inspected at the office of the undersigned as well as at the office of the Bathinda Development Authority–cum–Competent Authority, Bathinda, Punjab during working hours.

Any objections or suggestions, if any, may be submitted in writing to the office of the Bathinda Development Authority–cum–Competent Authority, Bathinda, Punjab, with a copy to the undersigned, within 30 (thirty) days from the date of publication of this notice, failing which it shall be presumed that no objections have been received from any person regarding the proposed revision of the layout plan.

**For RS REALINFRA PRIVATE LIMITED**
**Raghuvir Kumar Singla, Director**
**Site Office : VILLAGE DOOMWALI , TEHSIL SANGAT**
Bathinda , Punjab - 151401

Date: 16.04.2026

Place: Doomwali

## बैसाखी मेले में आध्यात्म व वीरता का रोमांच; घोड़ों पर निहंग सिंहों ने दिखाए करतब








फोटो : एसएस सोनू

**बठिंडा**| तलवंडी साबो स्थित तख्त श्री दमदमा साहिब में बैसाखी जोड़ मेला महल्ले के साथ श्रद्धा और उत्साह के माहौल में संपन्न हो गया। गुरु की लाडली खालसाई फौज निहंग सिंह संगठनों ने शिरोमणि पंथ अकाली बुड्ढा दल के मुखी जत्थेदार बाबा बलबीर सिंह 96 करोड़ी की अगुवाई में पुरातन परंपराओं के अनुसार महल्ला सजाया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। खालसा साजना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस आयोजन के अंतिम दिन निहंग सिंह जत्थेबंदियों द्वारा निकाले गए महल्ले ने संगतों को आध्यात्मिकता और वीरता से भरपूर अद्भुत दृश्य प्रदान किया। महल्ला निकलने से पहले श्री दशम ग्रंथ साहिब के पाठ के भोग डाले गए। इसके बाद निहंग सिंह छावनी से आरंभ होकर महल्ला तख्त श्री दमदमा साहिब, खंडेवाला चौक से होता हुआ गुरुद्वारा महलसर साहिब और गुरुद्वारा जंड साहिब पहुंचकर संपन्न हुआ। महल्ले के दौरान निहंग सिंहों ने घुड़सवारी, नेजेबाजी और गतकाबाजी के रोमांचक करतब दिखाए। महल्ले को हजारों लोगों ने देखा। हालांकि मैदान में मिट्टी उड़ने से निहंग सिंहों को परेशानी भी हुई। घोड़े आपस में भिड़े, इससे सिंह नीचे गिर गए।

## ॥ समाज-संस्था ब्रीफ ॥

### मानसा की 34वीं वर्षगांठ पर संकीर्तन आयोजित



**मानसा**| जिले की 34वीं वर्षगांठ पर रोटरी क्लब मानसा ने गौशाला भवन में "हरे रामा हरे कृष्णा संकीर्तन नाइट" का आयोजन किया। इस अवसर पर इस्कॉन वृंदावनचंद्रोदय मंदिर की टीम द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिससे उपस्थित संगत भाव-विभोर होकर झूम उठी। कार्यक्रम में रोटरी 3090 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर भूपेश मेहता, फर्स्ट लेडी मधु मेहता और पीडीजी प्रेम अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (2025-26) रमेश जिंदल भी मौजूद रहे। प्रोजेक्ट चेयरमैन नितिन बांसल ने बताया कि राज्यसभा सदस्य सतनाम सिंह संधू ने भी विशेष रूप से कार्यक्रम में शिरकत कर इसकी शोभा बढ़ाई। वहीं विधायक डॉ. विजय सिंगला, पूर्व विधायक मंगत राय बांसल, कांग्रेस नेता अमन सिंगला ढेपई, हलका इंचार्ज प्रेम अरोड़ा, जिला प्रधान कुलवंत राय सिंगला तथा दिल्ली से प्रसिद्ध ऑर्थो स्पेशलिस्ट डॉ. महेश चौधरी ने भी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### डॉ. अंबेडकर जयंती पर मेधावी बच्चों का सम्मान



**गोनियाना मंडी** | डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। शाम 7 बजे आयोजित मुख्य समारोह की शुरुआत केक काटकर की गई। 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। काउंसलर संदीप दुग्गल बोना ने कहा कि बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में वास्तविक समानता और प्रगति संभव है। कार्यक्रम में काउंसलर कमला देवी, रतन, प्रवीण कुमार, बिंटू सहित कई गणमान्य व्यक्ति और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### सीएचसी गोनियाना के स्टाफ को किया सम्मानित



**गोनियाना**| सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोनियाना के 17 अधिकारियों और कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए बैसाखी पर सम्मानित किया गया। पीएचसी बल्लूआना की इंचार्ज डॉ. रवनीत कौर, ऑप्थाल्मिक अधिकारी सुनीता शर्मा, स्टेनोग्राफर रमणदीप कौर, नर्सिंग सिस्टर इंचार्ज सरबजीत कौर समेत अन्य अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया।

### पंडित विजय गौड़ ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, रामायण-महाभारत का विस्तारपूर्वक वर्णन किया

## श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन गूंजा भक्ति और ज्ञान का संगम, नशा मुक्त भारत का दिया संदेश

भास्कर न्यूज़ | बठिंडा



दाना मंडी स्थित लार्ड रामा हॉल में श्री सनातन धर्म महावीर दल द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा के चौथे दिन भक्ति, ज्ञान और सामाजिक जागरूकता का अनूठा संगम देखने को मिला। कथा के दौरान पंडित विजय गौड़ ने अपने प्रवचनों में नशा मुक्त भारत का संदेश देते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को नशा न करने और समाज में नशा रोकने की शपथ दिलाई।

कथा प्रसंग के दौरान पंडित विजय गौड़ ने भगवान की भक्ति, सत्संग और धर्म के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने महाभारत के प्रसंगों में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दुर्योधन का भोजन ठुकरा कर विदुर के घर सादगी और प्रेम से भोजन ग्रहण करने तथा अभिमन्यु के चक्रव्यूह में वीरगति प्राप्त करने की कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को भावुक कर दिया। भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग पर



पंडाल में "जन्म लियो मेरे रघुराई" और "मेरी झोपड़ी के भाग खुल जाएंगे, राम आएंगे" जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। रामायण के प्रसंगों का वर्णन करते हुए उन्होंने शबरी के प्रेम, हनुमान जी की वीरता, बाली वध और लंका दहन की कथा सुनाई। "राम जी के नाम ने तो पत्थर भी तारे" भजन ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के प्रसंग में उन्होंने कंस, देवकी और वासुदेव की कथा का विस्तार से वर्णन किया। "नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की" भजन पर श्रद्धालु झूम उठे। इस शुभ अवसर पर मुख्य आयोजक पूर्व कैबिनेट मंत्री चिरंजी लाल गर्ग, महावीर दल के कार्यकारी एडवोकेट प्रधान राजन गर्ग, सचिव अतुल गुप्ता, लार्ड रामा स्कूल प्रिंसीपल सूरज सेतिया, एडवोकेट संजय अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, रमेश गोयल, सुरिंदर गोयल, संजीव गर्ग, अवतार नाथ, सीए प्रमोद मित्तल, जीवन बांसल, भूषण अग्रवाल, सुखबीर सिंह, रमन सिंगला, राहुल कांसल, दीपिंदर मिश्रा, प्रोफेसर पवन, डॉ. अंजू गर्ग, गौरव गर्ग डीपी बांसल, पवन शास्त्री, के अलावा अनेक समाजसेवी तथा महिला श्रद्धालु प्रेम लता, आशा रानी, रेखा शर्मा, शिमला गोयल, कविता शर्मा, शिमला सिंगला आदि शामिल रहे।

### एसएसडी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने जीते गोल्ड मेडल



**बठिंडा** | एसएसडी गर्ल्स कॉलेज में गणित के पीजी विभाग की छात्राओं ने 41वें पंजाबी यूनिवर्सिटी कन्वोकेशन में गोल्ड मेडल जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज की होनहार छात्रा सुखदीप कौर (एम.एससी. गणित) और इंदु रानी (बी.ए. गणित) ने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन और कड़ी मेहनत से यह उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि का श्रेय कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. नीरू गर्ग की कुशल नेतृत्व क्षमता को भी जाता है। वहीं कॉलेज के अध्यक्ष एडवोकेट संजय गोयल, जनरल सेक्रेटरी विकास गर्ग तथा प्रिंसिपल डॉ. नीरू गर्ग ने गणित विभाग की प्रमुख डॉ. तरु मित्तल को बधाई दी।


दैनिक भास्कर में
पुण्यतिथि, श्रद्धांजलि एवं शोक संदेश
अब घर बैठे एक क्लिक या कॉल पर बुक करें
BhaskarAd.com
9772019222


## आज का पंचांग



पंडित प्रो. विनोद शास्त्री

**तिथि संवत्** : वैशाख, कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, गुरुवार रात्रि 08:12 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2083, शाके 1948, हिजरी 1447, मुस्लिम माह सव्वाल, तारीख 27, सूर्य उत्तरायण, बसंत ऋतु, 16 अप्रैल।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र** : उत्तराभाद्रपद नक्षत्र दोपहर 01:59 तक, इसके बाद रेवती नक्षत्र रहेगा। ऐन्द्र योग प्रातः 10:37 तक, इसके बाद वैधृति योग रहेगा। विष्टि करण प्रातः 09:22 तक, इसके बाद शकुनि करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रातः 05:30)** : सूर्य-मेष, चंद्र-मीन, मंगल-मीन, बुध-मीन, गुरु-मिथुन, शुक्र-मेष, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

**राहुकाल** : दोपहर 01:30 से 03:00 तक रहेगा।

**दिशाशूल : दक्षिण दिशा** - यदि जरूरी हो तो तुलसी का पत्ता खाकर या साबुत सिंका धनिया साथ लेकर यात्रा कर सकते हैं।

**शुभाशुभ ज्ञानम्** : भद्रा प्रातः 09:22 तक, शुक्र कृत्तिका में रात्रि 10:14, पंचक, गुरु अंगद देव व हरकिशन पुण्य दिवस नवीन मत से, गंडमूल प्रारंभ दोपहर 01:59 से ।

**चौघड़िया मुहूर्त** : प्रातः 06:06 से 07:41 तक शुभ का, प्रातः 10:52 से 12:27 तक चर का, दोपहर 12:27 से 03:37 तक लाभ व अमृत का, सायं 05:12 से 06:47 तक शुभ का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष** : आज गुरुवार को पीले वस्त्र, चने की दाल और गुड़ दान करें। साथ ही व्रत करने वाले पीले पदार्थों का भोजन करें तो गुरु जनित दोष दूर होते हैं। आज ऐन्द्र योग में कांसी का दान करना अत्यंत शुभ फलदायी होता है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 06:06 | उत्तराभाद्रपद | 3 | स्वर्ण | मीन | झ |
| 08:23 | उत्तराभाद्रपद | 4 | स्वर्ण | मीन | ञ |
| 13:59 | रेवती | 1 | स्वर्ण | मीन | दे |
| 19:32 | रेवती | 2 | स्वर्ण | मीन | दो |
| 01:04 | रेवती | 3 | स्वर्ण | मीन | चा |

## मैनेजमेंट फंडा



एन. रघुरामन
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

## 'MAD' बनने के लिए 'mad' बनना पड़ेगा

**हर्षिता** अरोड़ा की कहानी 'एमएडी' (MAD) फिलॉसफी का एक बेहतरीन उदाहरण है। उनमें हाई-वैल्यू फाउंडर की 'मनीड' क्षमता, तेजी से बढ़ने की 'एबिलिटी' और हासिल करने की अटूट 'डिजायर' है। यूपी के एक छोटे शहर से सिलिकॉन वैली के वाय-कॉम्बिनेटर (वाय-सी) में उच्च स्तर तक पहुंचने का हर्षिता का सफर महज टेक्निकल टैलेंट की कहानी नहीं, बल्कि इस बात का ब्लूप्रिंट है कि गैर-परंपरागत रास्ते भी ऐतिहासिक मुकाम तक पहुंचा सकते हैं।

2016 में जब हर्षिता सिर्फ 14 साल थीं तो उन्होंने ऐसा निर्णय किया, जो ज्यादातर पारंपरिक भारतीय परिवारों को हैरान कर देगा। उन्होंने 8वीं में स्कूल छोड़ दिया। सहारनपुर में उनके सहपाठी उन्हें 'डिस्ट्रैक्टेड' समझते थे, लेकिन हकीकत में वो ज्यादा 'फोकस्ड' थीं। 13 की उम्र तक उन्हें कोडिंग का गहरा शौक लग चुका था। वे समझ चुकी थीं कि स्कूल का तय सिलेबस उनकी जिज्ञासा शांत नहीं कर पाएगा। इसलिए उन्होंने होमस्कूलिंग चुनी। यह पढ़ाई से भागना नहीं, बल्कि उसे तेजी से बढ़ाने की रणनीति थी।

16 की उम्र आते-आते हर्षिता बेंगलुरु में 'सेल्सफोर्स' में इंटर्नशिप कर रही थीं और तकनीक की पेशेवर दुनिया को करीब से समझ रही थीं। फिर उन्होंने एमआईटी में चार हफ्तों का आंत्रप्रेन्योरशिप प्रोग्राम किया। यहीं से उनके मन में अपने पहले आईओएस एप्लीकेशन का विचार आया। सहारनपुर लौटकर स्टॉकब्रोकर पिता और होममेकर मां की इस बेटी ने बेडरूम को क्रिप्टोकरेंसी और प्रोग्रामिंग की लैब बना लिया। उन्होंने क्रिप्टोकरेंसी पोर्टफोलियो ट्रैकिंग एप लॉन्च किया, जो न सिर्फ काम करता था, बल्कि छा गया। 2016 में यह अमेरिका और कनाडा में दूसरा सबसे पॉपुलर फाइनेंस एप बन गया। इसके लिए उन्हें यंग अचीवर्स श्रेणी का भारत का शीर्ष 'बाल शक्ति पुरस्कार' मिला। और यहीं से स्टार्टअप जगत में उनकी एंट्री हो गई।

लेकिन हर्षिता की पाने की ललक इसी एक एप पर पूरी नहीं हुई। तकनीकी जगत के केंद्र तक पहुंचने की तलाश में हर्षिता ओ-1 वीजा पर सैन फ्रांसिस्को चली गईं। यह वीजा असाधारण क्षमता वाले लोगों को मिलता है। 2019 में वे फिनटेक स्टार्टअप ए-टु-बी की को-फाउंडर बनीं, जिसने मॉडर्न फ्लीट कार्ड्स और इंस्टेंट पेआउट्स के जरिए ट्रकिंग इंडस्ट्री में क्रांति ला दी। हर्षिता का ए-टु-बी स्टार्टअप, वाई-सी की मदद के साथ सफलता की बेहतरीन मिसाल बन गया। दुनिया के सबसे प्रभावशाली स्टार्टअप एक्सेलेरेटर वाय-सी ने हर्षिता में एक फाउंडर की सहज वृत्ति को पहचाना। वाईसी की मेंटरशिप और सीड फंडिंग से ए-टु-बी तेजी से बढ़ा। आज यह 30 हजार से ज्यादा फ्लीट्स को सेवाएं देता है और जनरल कैटलिस्ट और ब्लूमबर्ग बीटा जैसे बड़े निवेशकों से इसने 150 मिलियन डॉलर की राशि जुटाई है। कंपनी की वैल्यूएशन आज करीब 700 मिलियन डॉलर तक पहुंच गई है।

इस कहानी का सबसे अहम मोड़ वाई-सी में ही आता है। वाई-कॉम्बिनेटर लंबे समय से अपारंपरिक रास्ते अपनाने वाले 'बिल्डर्स' को सपोर्ट करता रहा है। उन्होंने हर्षिता में ऐसी टीन-एजर देखी, जो बाजारों का अध्ययन ही नहीं करती, उन्हें बनाती भी है। विजिटिंग पार्टनर रहने के बाद 25 साल की हर्षिता को हाल ही में वाईसी में जनरल पार्टनर बनाया गया है। यह पद पाने वाली वे सबसे कम उम्र की व्यक्ति हैं। वाई-सी के प्रेसिडेंट और सीईओ गैरी टैन ने कहा कि हर्षिता का नजरिया अनोखा है- एक ऐसे व्यक्ति की 'फाउंडर्स इंस्टिंक्ट', जो किशोरावस्था से ही कंपनियां बना रहा है। उनकी यह प्रगति सिलिकॉन वैली में आए बदलाव को बताती है, जिसमें 'एमएडी'- यानी मनीड, एबिलिटी और डिजायर का महत्व पारंपरिक डिग्री से कहीं ज्यादा है।

सहारनपुर ड्रॉपआउट से सिलिकॉन वैली का ताकतवर नाम बनने तक का हर्षिता का सफर साबित करता है कि कई बार 'डिस्ट्रैक्टेड' होना भी क्रांतिकारी बनने का पहला कदम होता है। अब वे वाई-सी इकोसिस्टम की महज लाभार्थी नहीं, बल्कि उसे दिशा देने वालों में से एक हैं। उन्होंने साबित किया है कि जिनमें 'एमएडी' स्पिरिट होती है, उनके लिए उम्र और परंपरा कभी बाधा नहीं बनती।

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

**फंडा यह है कि** यदि आप धनवान बनना चाहते हैं, जिसमें हर हाल में आगे बढ़ने और असंभव को भी हासिल करने की क्षमता हो तो आपको हर उस काम के लिए जुनूनी (mad) बनना पड़ेगा, जो जीवन


भास्कर CLASSIFIED

आवश्यकता APPOINTMENT

पार्टटाइम

सुनहरा अवसर WORK FROM HOME JOBS भारत की नंबर-1. TELECOM 5G कंपनी में पार्टटाइम (MESSAGE SENDING-CALLING) करके लड़के-लड़किया, गृहिणी, स्टूडेंट कमाए (21,500-71,900) महीना लैपटॉप+मोबाइल मुफ्त NAME ADDRESS, QUALIFICATION WHATSAPP करे:- 7672815904, 9229059835

एनाउंसमेंट ANNOUNCEMENT

पब्लिक नोटिस

**मैं राज कुमार खन्ना पुत्र वजीर चंद** खन्ना वासी मकान नं. 5/6 राज नगर , बस्ती बावा खेल, जालन्धर सूचित करता हूं कि मेरा लड़का पीयूष खन्ना तथा उसकी पत्नी अर्शिया शर्मा मेरे कहने से बाहर है इसलिए मैं उनको अपनी चल अचल जायदाद से बेदखल करता हूं उनसे लेन देन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

DB Corp Ltd पाठकों को इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले उपयुक्त पूछताछ करने और उचित परामर्श लेने की सलाह दी जाती है। डीबी कॉर्प लिमिटेड विज्ञापनदाताओं के उत्पादों और सेवाओं को लेकर किए गए दावों की जिम्मेदारी नहीं लेता है। डीबी कॉर्प लिमिटेड के प्रिंटर, प्रकाशक, संपादक और मालिक। अगर विज्ञापनदाता ऐसे दावों का सम्मान नहीं करते हैं तो दैनिक भास्कर प्रकाशन समूह को किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा।



**PUBLIC NOTICE**

Whereas the Bathinda Development Authority–cum–Competent Authority, Bathinda, Punjab, under the provisions of the Punjab Apartment and Property Regulation Act, 1995 (PAPRA), has granted License No. LDC-002/2024 dated 12.03.2024 to M/s RS Realinfra Pvt. Ltd. for the development of a Residential Plotted Colony named "Manglam Homes" over land measuring 24.54 acres, situated in the revenue estate of Village Doomwali, Tehsil Sangat, District Bathinda, Punjab.

And whereas, upon the request made by M/s RS Realinfra Pvt. Ltd. for grant of additional license and modification/revision of the layout plan, the Bathinda Development Authority–cum–Competent Authority, Bathinda has issued a Letter of Intent vide Letter No. CA/BDA/BTI/2026/62 dated 16.03.2026.

And whereas, an additional license along with a revised layout plan is proposed to be approved for an additional land area measuring 5.225 acres, which shall be in addition to the earlier licensed land measuring 24.54 acres, thereby making the total proposed project area measuring 29.765 acres.

And whereas, in compliance with the provisions of the Real Estate (Regulation and Development) Act, 2016 and the regulations framed thereunder, the promoter hereby invites objections/suggestions, if any, from the general public and the existing allottees regarding the proposed revision of the layout plan of the said Residential Plotted Colony for the total area measuring 29.765 acres.

Accordingly, through this Public Notice, objections, if any, are invited from the general public and existing allottees regarding the above-said revision of the layout plan.

Copies of:
- the earlier approved layout plan, and
- the proposed revised layout plan,

are available for inspection at the Project Site Office and company official website i.e www.rsrealinfra.com The same may also be inspected at the office of the undersigned as well as at the office of the Bathinda Development Authority–cum–Competent Authority, Bathinda, Punjab during working hours.

Any objections or suggestions, if any, may be submitted in writing to the office of the Bathinda Development Authority–cum–Competent Authority, Bathinda, Punjab, with a copy to the undersigned, within 30 (thirty) days from the date of publication of this notice, failing which it shall be presumed that no objections have been received from any person regarding the proposed revision of the layout plan.

**For RS REALINFRA PRIVATE LIMITED**
**Raghuvir Kumar Singla, Director**
**Site Office : VILLAGE DOOMWALI , TEHSIL SANGAT**
Bathinda , Punjab - 151401

Date: 16.04.2026 Place: Doomwali


## राशिफल: कर्क वाले वर्चस्व हासिल करेंगे, धनु वालों को प्रसन्नतादायक समाचार मिलेंगे

**मेष** — **शुभ अंक 3, शुभ रंग लाल** : स्वास्थ्य में सुधार संभव है। काम की धीमी गति परेशान कर सकती है। पारिवारिक रिश्तों में चल रही खींचतान दूर होगी। धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। भाग्योदय की संभावना बनेगी।

**वृष** — **शुभ अंक 7, शुभ रंग भूरा** : अनावश्यक टकराव से तनाव बढ़ सकता है। उच्च अध्ययन में बेहतर प्रदर्शन के आसार हैं। संतान के कॅरियर संबंधी चिंता का समाधान हो सकता है। यात्रा में सावधानी बरतें। धैर्य बनाए रखें।

**मिथुन** — **शुभ अंक 9, शुभ रंग हरा** : सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। साझेदारी में बड़ी योजना की शुरुआत कर सकते हैं। दांपत्य संबंधों में गतिरोध संभव है। यात्रा लाभदायक हो सकती है। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता की उम्मीद है।

**कर्क** — **शुभ अंक 1, शुभ रंग पीला** : विरोधियों को मात देने में कामयाबी मिलेगी। प्रॉपर्टी के काम बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों से मुलाकात प्रसन्नतादायक रहेगी। कार्यक्षेत्र में वर्चस्व हासिल करेंगे ।

**सिंह** — **शुभ अंक 5, शुभ रंग भूरा** : सुख-सुविधा के सामान पर खर्च संभव है। बुजुर्गों के स्वास्थ्य संबंधी चिंता हो सकती है। कारोबारी विस्तार की संभावना बनेगी। नए संपर्क लाभदायक रहेंगे। मित्रों से मुलाकात होगी।

**कन्या** — **शुभ अंक 8, शुभ रंग जामुनी** : खान-पान में लापरवाही से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। प्रॉपर्टी में निवेश का लाभ मिलेगा। भाग्य भरोसे रहे तो अच्छे अवसर गंवा देंगे। कार्यस्थल पर नोकझोंक से मन दुखी होगा।

**तुला** — **शुभ अंक 1, शुभ रंग गुलाबी** : आपका अड़ियल रवैया रिश्तों में तनाव पैदा कर सकता है। राजनीतिक सफलता मिलेगी। कार्यस्थल पर प्रभाव जमाने के चक्कर में सबका विरोध झेलना पड़ सकता है। मांगलिक खर्च संभव है।

**वृश्चिक** — **शुभ अंक 4, शुभ रंग नीला** : पुरानी समस्या से छुटकारा मिलेगा। कारोबारी यात्रा लाभदायक रहेगी। आयात-निर्यात के कारोबार में लाभ की संभावना बनेगी। धन की कमी से अटके काम फिर शुरू कर सकते हैं। शांत रहें।

**धनु** — **शुभ अंक 2, शुभ रंग काला**: प्रसन्नतादायक समाचार मिलेंगे। आकस्मिक लाभ के अवसर मिल सकते हैं। अधिकारियों से मेलजोल लाभदायक रहेगा। विरोध कर रहे लोगों के चलते काम में मुश्किल हो सकती है।

**मकर** — **शुभ अंक 4, शुभ रंग आसमानी** : खर्च की अधिकता के चलते कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्यस्थल पर माहौल अनुकूल रहेगा। अनजान पर भरोसा करना भारी पड़ सकता है। अधिकारों को लेकर संघर्ष करना पड़ेगा।

**कुंभ** — **शुभ अंक 8, शुभ रंग पीला** : उधार दिया धन वसूलने में सफल रहेंगे। सपने पूरे करने के लिए दिन-रात मेहनत करेंगे। धार्मिक यात्रा संभव है। साझेदारी में नया काम शुरू करने का मन बनेगा। पुरानी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

**मीन** — **शुभ अंक 9, शुभ रंग सफेद** : कार्य सिद्धि के योग हैं। कार्यस्थल की व्यवस्था में सुधार के प्रयास सफल रहेंगे। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें। भागदौड़ रहेगी। पारिवारिक मामले में सोच-समझकर फैसला लें, राह आसान होगी।